## खबर संक्षेप



### शहडोल मैराथन में अमित ने हासिल किया प्रथम स्थान

**बरही।** विजयराघवगढ़ विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत खितौली के होनहार युवा अमित भुमिया ने शहडोल में आयोजित 3 किलोमीटर मैराथन में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अमित की इस उपलब्धि पर विधायक संजय पाठक की प्रेरणा से विधायक प्रतिनिधि काशी प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल खितौली द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमित को श्रीफल, साल और पुष्पगुच्छ भगवान श्री कृष्ण राधे की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी, सरपंच सुकसेन सिंह, चिंतामणि विश्वकर्मा उपसरपंच मिथलेश त्रिपाठी, मंडल मंत्री संतोष सिंह क्षत्रिय, डॉ. शैलेष गुप्ता, विजय परौहा, जितेंद्र सिंह क्षत्रिय, शुभम सिंह, फन्नी यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जानकी विश्वकर्मा ने किया अमित की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

### खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा



**उमरियापान।** शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंतिम दिवस महाविद्यालय में टेबल- टेनिस महिला वर्ग एवं आनलाइन स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।क्रीड़ाधिकारी चंदन यादव ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में लगभग 90 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।नव प्रवेशित छात्र छात्राओं उत्साह रहा।प्रचार्य रतिराम अहिरवार ने बताया कि कैरम प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती का फाइनल मुकाबला आदित्य राज मिश्रा एवं अमरनाथ मरावी के बीच खेला गया।खेल युवा कल्याण ढीमरखेड़ा ब्लॉक समन्वयक दिनेश कनौजिया के साथ ढीमरखेड़ा ब्लॉक की टीम एव महाविद्यालय की टीम के बीच वालीबॉल का मैच महाविद्यालय परिसर मे खेला गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद बागरी ने बताया कि महाविद्यालय में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

### पर्वों के दौरान नगर में विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** नगर निगम द्वारा नगर में चल रहे धार्मिक एवं सामाजिक पर्वों – गणेश महोत्सव, जैन समुदाय का पर्युषण पर्व तथा आगामी मुस्लिम समुदाय के ईद मिलादुन्नबी पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा के चलते शहर भर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शहर के गणेश पंडालों, विभिन्न प्रमुख मंदिरों एवं देवालयों, जैन मंदिरों, जैन बोर्डिंग, सहित आयोजित कार्यक्रम स्थलों सहित वार्डवार सफाई कार्य तेज गति से संपन्न कराए जा रहे हैं। वहीं ईद मिलादुन्नबी पर्व के चलते नगर की मस्जिदों के आस पास सहित पहुंच मार्गों के सुदृढ़ीकरण के साथ साथ विशेष सफाई का कार्य भी चालू कर दिया गया है। त्यौहारों के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष दल गठित किए गए हैं, जो मुख्य मार्गों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। कीट नाशक दवाओं का छिड़काव कार्य निरंतर किया जा रहा है।

### शहर में धमाचौकड़ी मचाने वाले ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों पर कार्यवाही

# 32 के काटे चालान, 9 नाबालिग दौड़ा रहे थे वाहन, 8 ऑटो एवं ई रिक्शा किये जब्त

**यातायात नियमों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से आटो एवं ई रिक्शा दौड़ाने वाले चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की। थाना तिराहा में विशेष जांच अभियान के दौरान करीब एक सैकड़ा वाहन चालकों को चैक किया गया जिसमें कमियां पाये जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान करीब 9 नाबालिग चालक वाहन दौड़ाते पकड़े गए। कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गौरतलब है कि शहर में ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर है। सुगम आवागमन में सबसे ज्यादा तिपहिया सवारी वाहन चालकों को मनमानी का सामना करना पड़ता है। शहर में बड़े पैमाने पर मौजूद ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। एक लंबे समय से उनके खिलाफ कार्यवाही न होने के कारण इनके हौसले लगातार बढ़ते ही जा रहे थे। काफी समय के बाद अब यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों एवं ई रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए मोर्चा खोल दिया है। बीते दो दिनों में यातायात पुलिस ने लगभग 100 से भी अधिक ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों को चेक करते हुए उन्हें कानून का पाठ पढ़ाया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया के



मार्गदर्शन में शहर में अत्यधिक संख्या में संचालित ऑटो एवं ई रिक्शा में लगाम लगाने एवं आमजन को सुलभ, सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए विगत 2 दिवस से यातायात पुलिस द्वारा थाना तिराहा पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो एवं ई रिक्शा वाहन चालकों के विरुद्ध विभिन्न हेड में चलानी कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान 100 से अधिक ऑटो, ई रिक्शा वाहन चैक किए गए। जिनमें से 32 ऑटो, ई रिक्शा चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित हेड में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही की गई। 9 ई रिक्शा चालक नाबालिग पाए जाने पर वाहन जप्ती की कार्यवाही की गई। विगत 2 दिवस में यातायात पुलिस द्वारा ऑटो, ई रिक्शा चालकों के विरुद्ध विशेष चैकिंग अभियान के दौरान 32 चालान काटे गए एवं 14200 रुपए जुर्माना वसूल करते हुए 8 ऑटो, ई रिक्शा वाहन जप्त किए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बिना परमिट के गुड़ परिवहन पर 13 हजार रूपए का वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सित मंसूबों पर लगाम लगाने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये निर्देशों का पालन करते हुये रविवार को 45 क्विंटल गुड़ परमिट के बिना परिवहन करते पाये जाने पर व्यापारी के विरूद्ध मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत 13 हजार 350 रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

एसडीएम कटनी एवं भारसाधक अधिकारी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर यादव के निर्देश पर गठित निरीक्षण दल ने कृषि मंडी क्षेत्र से गुजर रहे वाहन क्रमांक एमपी 20जीए4952 को रोका और उसकी जांच करने पर पाया कि इसमें 45 क्विंटल गुड़ था, जिसे बिना किसी वैध परमिट के ले जाया जा रहा था। इसके बाद मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, पर कार्रवाई करते हुये कुल 13 हजार 350 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिसमें पांच गुना मंडी शुल्क 10 हजार 350 रुपये एवं समझौता शुल्क 3 हजार रुपये शामिल है। यह पूरी राशि तत्काल मंडी खाते में जमा कराई गई।

इस निरीक्षण दल में कृषि उपज मंडी समिति के सचिव के.के. नरगांवे, मंडी निरीक्षण्कह सी एस मरावी, सहायक उप निरीक्षक सीताराम मार्को और राजकुमार पंचेश्वर शामिल थे।

### शिक्षा जीवन का है आधार, समाज मे बने आदर्श

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक झारिया के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम जनपद शिक्षा केंद्र में आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियो, कर्मचारियों ओर शिक्षकों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त हुए बीईओ अशोक झारिया ने शिक्षकों को सीख दी कि शिक्षा जीवन का आधार है, शिक्षक समाज मे आदर्श बनें। वहीं प्रभारी बीईओ मनोज गर्ग ने कहा कि आपके नेतृत्व में हमारे विकासखंड में शिक्षा का स्तर ऊँचा उठा है। आपने हमेशा अपने कर्तव्यों को ईमानदारी, समर्पण और प्रेरणा के साथ निभाया। आपके द्वारा किए गए सुधारात्मक प्रयासों और शिक्षा के प्रति आपकी गहरी प्रतिबद्धता ने न केवल बच्चों के भविष्य को संवारने का काम किया, बल्कि पूरे समुदाय को शिक्षा के महत्व को समझने में मदद की।

### राधा अष्टमी पर मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## रसिक बिहारी जू मंदिर में धूमधाम से मनाया गया राधा रानी का प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

रविवार को राधाष्टमी पर स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के कृष्ण मंदिरों में राधा रानी का प्राकट्योत्सव का उल्लास छाया। स्लीमनाबाद स्थित रसिक बिहारी जू मंदिर मे राधा रानी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा सुबह राधा रानी का पंचामृत से जन्माभिषेक कर फूलों से श्रृंगार किया गया। पंडित दिलीप पौराणिक के द्वारा रसिक बिहारी जू का भव्य श्रृंगार किया गया। रसिक बिहारी जू को पीत रंग की नवीन पोशाक धारण करवा कर मनमोहक श्रृंगार किया गया। अधिवास पूजन के बाद छप्पन



भोग अर्पित किए गए। दोपहर में राधा नाम संकीर्तन किया गया जिसमें बृषभान-भवन आनंद अति छायो, राधा अवतार भयो सब को मन भायो, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाये।

सखी री बरसाने में बज रही आज बधाई के पद गूंजे। साथ एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद धूप आरती कर चरण दर्शन व पालकी झांकी सजाई गई। सायकालीन आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, जयदीप त्रिपाठी, बृजेश दुबे,आदित्य दुबे, अनुराग मिश्रा,राकेश साहू,नितिन अग्रहरि, शेखर यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

#### गूंजे राधारानी के जयकारे

जगदीश धाम खिरहनी मैं भी राधाष्टमी महोत्सव मनाया गया। सुबह मंगला झांकी के बाद पंचामृत से अभिषेक किया। अभिषेक के बाद पंजीरी लड्डू मावे की बर्फी एवं पंजीरी का भोग लगाया गया। ठाकुर श्रीजी को नवीन पीत रंग की पोशाक धारण कराकर विशेष अलंकार धारण कराए गए। इसके बाद धूप आरती कर चरण दर्शन व पालकी झांकी सजाई गई।

### विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्व की दी जानकारी



शासकीय महाविद्यालय बरही में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के अवसर पर तीन दिवसीय खेल गतिविधियों एवं विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में सर्वप्रथम क्रीड़ा अधिकारी डॉ अरविन्द शुक्ला द्वारा विद्यार्थियों को खो–खो, कबड्डी, बैटमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स आदि विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ–साथ जीवन में खेलों के महत्व तथा खेलों इंडिया, फिट इंडिया अभियान से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीण परिवेश से विलुप्त हो रही विभिन्न खेल गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की गई तथा जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्व पर चर्चा की गई।

## घायल को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचायें, 25 हजार प्रोत्साहन राशि पाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क दुर्घटना में पीड़ित घायल व्यक्ति के सही समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण घायल व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने मे आम नागरिकों को यह भय रहता है कि वे भी पुलिस कार्यवाही के भागी बन जायेंगे अर्थात घायल को अस्पताल पहुंचाने की मदद करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा पुछताछ की जायेंगी, जिस कारण से आम नागरिक चाहते हुए भी पुलिस कार्यवाही के भय से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में ले जाने से कतराते है, किन्तु ऐसा नही है।

मप्र शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है, ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पीड़ित को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सके। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा मे शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना से सड़क दुर्घटना मे गम्भीर घायल व्यक्ति का त्वरित उपचार संभव हो सकेगा और 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के कारण नवयुवा एवं आम आदमी पीड़ित की मदद के लिये तत्पर रहेंगे। जिससे सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की जान भी बचेगी और सड़क दुर्घटना मे होने वाली मृत्युदर में कमी लाने में मदद मिलेगी।

जिले के आम जन से अपील की गई है कि सड़क दुर्घटना में कोई घायल मिले को उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाने का काम करें। सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति

### विजयराघवगढ़ पुलिस ने महानदी पुल के पास से तस्करों को पकड़ा

## स्कूटी सवार तस्कर से पुलिस ने जब्त किया 3.30 लाख का गांजा, दूसरा हो गया फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया है जबकि दूसरा बदमाश फरार हो गया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया व अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन पर की गई।

थाना प्रभारी रीतेश शर्मा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम खिरवा नम्बर 01 के पास बने नवीन महानदी पुल के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में स्कूटर पर आते दिखे, स्कूटर पर पीछे बैठा पुलिस के वाहन को देखकर स्कूटर से खूदकर भाग गया, जिसका पीछा



करने पर काफी दूर निकल गया, दूसरे संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई।

#### फरार तस्कर की तलाश

आरोपित थाना क्षेत्र बरही के ग्राम छिंदिया टोला निवासी कुदरत उर्फ गोकल पारधी पिता रोहान पारधी 20 वर्ष का होना तथा भागने वाले संदिग्ध व्यक्ति का नाम रंजन पारधी बताया, संदिग्ध व्यक्ति के कब्जे से 21 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 03 लाख 30 हजार रूपया एवं मोटर साईकल स्कूटर को जब्त किया गया, आरोपियों गण कुदरत उर्फ गोकल पारधी रंजन पारधी का कृत्य धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला रजिस्टर्ड कर गिरफ्तार आरोपी को कुदरत उर्फ गोकल पारधी को न्यायालय पेश किया गया एवं अन्य फरार आरोपी रंजन पारधी की थाना विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा तलास की जा रही है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा, आरक्षक पप्पू प्रजापति, आरक्षक अमित शाह, आरक्षक चालक मज्जू कोल, मुखबिर एवं स्वतंत्र साक्षियों की मुख्य भूमिका रही।

### सड़क निर्माण से रहवासियों को आवागमन में नहीं होगी परेशानी

## वैंकट वार्ड को 14 लाख के विकास कार्यों की मिली सौगात, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गणेशोत्सव पर्व के अवसर पर वेंकट वार्ड के नागरिकों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने रविवार को 14 लाख रुपए से भी अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी है। वार्ड के नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए हनुमान मंदिर से हरि प्रसाद बल्ली निषाद के भवन तक एवं रेलवे लाइन के किनारे नरेंद्र मार्ग गली में दो स्थलों पर लगभग 14 लाख 18 हजार रुपए की लागत से निर्मित कराई जाने वाली सी सी रोड का भूमिपूजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एवं एम आईसी सदस्य बीना संजू बैनर्जी और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में स्थानीय वयोवृद्ध महिला



श्रीमति आशा देवी जायसवाल एवं दीपिका जायसवाल द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन उपरांत कुदाली चलाकर संपन्न कराया गया। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला साहित पूर्व पार्षद अनिल अन्नू खरे, मंडल अध्यक्ष रजत जैन, प्रदीप उपाध्याय, अजय निषाद, कृष्णा गुप्ता, श्याम निषाद क्षेत्रीय उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के मंशानुरूप नागरिकों की आवश्यकता अनुसार नगर में विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त नगर की सुंदरता, पर्यावरण संरक्षण, सुगम आवागमन हेतु सड़कों का निर्माण, समुचित प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं नागरिकों को मुहैया कराने हेतु निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है।

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा वार्ड पार्षद बीना बैनर्जी को वार्ड के विकास कार्यों हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहने की बात कही जाकर उपस्थित जनों को आश्वस्त किया गया कि,आने वाले समय में वेंकट वार्ड के साथ साथ संपूर्ण कटनी नगर में भी एकरूपता के साथ विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। महापौर श्रीमती सूरी ने भूमिपूजन के दौरान स्थानीय नागरिकों से कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर नगर निगम को सूचित करने आग्रह किया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद बीना बैनर्जी ने कहा कि महापौर ने कहा कि गणेशोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों को सड़क निर्माण की सौगात मिलना नागरिकों के लिए उत्सव की खुशी को दोगुना करने वाला पल है। जहां सीसी रोड निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं बरसात के मौसम में उक्त मार्गों में पानी भराव की परेशानी से निजात मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा विकास कार्यों की सौगात मिलने पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती बीना संजू बैनर्जी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया गया तथा आगे भी वार्ड की समस्याओं को इसी तरह गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करने की बात कही। इस दौरान महापौर एवं स्थानीय पार्षद द्वारा क्षेत्र की वयोवृद्ध महिला रुक्मणि निषाद का पुष्पहार से

## राहुल गांधी, तेजस्वी यादव का पुतला जलायेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा प्रधानमंत्री का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। गत दिवस बिहार में राहुल गांधी तेजस्वी यादव की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माँ के लिए कहे गए अपशब्द क्षम्य नहीं हैं इसे लेकर भाजपा तीव्र आंदोलन करने जा रही है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टण्डन ने बताया कि यह सिर्फ कांग्रेस और राजद जैसे राजनीतिक दलों के संस्कार है जिसमे 140 करोड़ जनता के प्रधानमंत्री और उनकी स्वर्गीय मातुश्री के लिए सार्वजनिक मंच से अपशब्द कहे जाते हैं। पूरी दुनिया ने देखा किस तरह राहुल तेजस्वी की सभा मे माइक से अपशब्द कहे गए। इसे लेकर देशभर में आक्रोश है। श्री टण्डन ने बताया कि कटनी में इसे लेकर बड़ा आंदोलन जिसमे रैली निकालकर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला दहन एक सितंबर को अहिंसा तिराहे में सायं 4 बजे भाजपा महिला मोर्चा सहित विधायकगण संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित वरिष्ठ भाजपाजनों के नेतृत्व में किया जाएगा। जिसमे सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, मंडलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी तथा समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। पुतला दहन से पहले कचहरी चौक महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा के पास से रैली के रूप में सभी कार्यकर्ता थाना तिराहे पहुंचेंगे। सभी भाजपाजनों के साथ आम जनता से भी प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया है।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में टेबिल टेनिस प्रतियोगिता

**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य मे शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा 29-31 अगस्त 2025 तक विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 31 अगस्त को महाविद्यालय में टेबल-टेनिस महिला वर्ग एवं आनलाइन स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में लगभग 90 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। खेलकूद की 3 दिन की गतिविधि में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने काफी उत्साह पूर्वक भाग लिया । महाविद्यालय के प्राचार्य रतिराम अहिरवार एवं क्रीड़ाधिकारी चन्दन यादव ने भविष्य में छात्र- छात्राओं को ऐसे ही खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. लक्ष्मी प्रसाद बागरी एवं डा. हेमंत कुमार चौरसिया के विशेष सहयोग के साथ समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

### तीर्थदर्शन योजना के तहत 23 सितंबर तक भरे जाएंगे फार्म

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णो देवी यात्रा के लिए नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत इच्छुक वृद्ध नागरिकों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना नगरनिगम जागेश्वर पाठक नें बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत नगर पालिका निगम कटनी के वृद्ध नागरिकों को जो कि 60 से 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं को 02 वर्ष की छूट) जो आयकर दाता न हो व जो प्रथम बार यात्रा कर रहा हो, को वैष्णो देवी तीर्थ दर्शन की सुलभ यात्रा हेतु जमा कराया जाना है। इच्छुक व्यक्ति वैष्णो देवी यात्रा हेतु पति-पत्नी, आवेदक सहायक एवं स्वयं का आवेदक फार्म में संलग्न चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड, समग्र आई.डी., मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति (फोटो कॉपी) संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उक्त आवेदन पत्र को नगर निगम कार्यालय के कक्ष कमांक-66 निर्वाचन जनगणना शाखा में 23 सितंबर 2025 तक जमा कर सकते है।

### दशलक्षण पर्व में पर हो रहे विविध आयोजन



**सिलौंडी।** सिलौंडी में जैन समाज के दशलक्षण पर्व के दौरान जैन मंदिरों में रोज विविध आयोजन हो रहे है। रोज सुबह अभिषेक ,शांतिधारा पूजन अर्चन, दोपहर में विधान और रात्रि में आरती के बाद स्वाध्याय हो रहा है। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, श्री पारस नाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रीजी के पूजन अर्चन के बाद भक्त अपना एक आसन कर रहे है कुछ भक्त उपवास भी कर रहे है। एक आसन में भक्त 24 घंटे में एक बार शुद्ध घर का बना भोजन और पानी ले रहे है । कुछ भक्त सिर्फ पानी और दूध लेकर अपना उपवास कर रहे है। दशलक्षण पर्व त्याग और साधना का प्रतीक है । श्री तारण तरण जैन चौत्यालय में भी मंदिर विधी पूजन अर्चन कर आरती और प्रसाद वितरण हो रहा है । जैन समाज के पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे सभी अपनी अपनी इच्छा शक्ति अनुसार चीजों का त्याग कर भक्ति कर रहे है ।

---

राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

# खेल गतिविधियों में खिलाड़ियों ने किया अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा तीन दिवसीय खेल कूद प्रतियोगितायें आयोजित की गई, जिसका समापन रविवार को हुआ। खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम दिवस 29 अगस्त को बाकल रैपुरा में 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक, भला फेंक सहित आदि खेलो का आयोजन किया गया जिसमें 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं दूसरे दिवस 30 अगस्त को स्लीमनाबाद मै विलियम हैनरी स्कूल मै डोज बाल खेल का आयोजन किया गया।

खेल कूद गतिविधियों के समापन अवसर पर अंतिम दिवस रविवार को स्लीमनाबाद के आदर्श विद्यापीठ स्कूल से ग्राम पंचायत पड़वार तक फिटनेस अवैयरनेस के लिए रैली का आयोजन किया गया जिसमें 58 बच्चों ने भाग लिया।

इस दौरान खेल समन्वयक चेतना झा, प्रमोद कुमार पासी, ए पी सिंह, ज्योति सिंह, पी के सिंह, एच वी निगम, जे पी त्रिपाठी, रेणुका भरद्वाज, रीता कुमारी उपस्थित रही। खेल समन्वयक चेतना झा के द्वारा खेल के महत्व को बताया!साथ ही स्व. ध्यान चंद्र के जुड़े हुए कई प्रसंग को रोचक पूर्ण ढंग से छात्र-छात्राओं को बताया ओर फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी प्रेषित की।





#### विजयराघवगढ़ में भी प्रतियोगिताएं

विजयराघवगढ़ के महाविद्यालय में 3 दिवसीय खेल गतिविधियों एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी द्वारा अतिथियों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित विद्यार्थियो को फिट इंडिया की शपथ दिलायी गई जहां प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव द्वारा ध्यानचंद जीवनी एवं खेल जगत पर उद्बोधन दिया गया खेल दिवस के अंतर्गत महिलाएँ और पुरुष वर्ग में शतरंज , कैरम, टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई साथ ही फ़िट इंडिया मूवमनेट एवं ओलम्पिक अभियान आदि विषयों पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई सभी प्रतियोगिताओं में विद्यालय केछात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम एवं खेल गतिविधिओं का संचालन महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी धीरज डिकोनिया द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे किया गया आयोजन में प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार डॉ सुमन पुरवार डॉ सरिता विश्वकर्मा श्रीमति ज्योति ताम्रकार छात्राओं की उपस्थिति रही ।

---



# गोलबाजार में रामलीला का मंचन 16 सितंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

1884 में स्थापित शहर की ऐतिहासिक गोलबाजार रामलीला में पृथ्वी पूजन के साथ रामलीला की तैयारियों का आगाज हो गया। यहां 16 सितंबर को मुकुट पूजन के साथ रामलीला का आगाज होगा। गौरतलब है कि शहर की यह रामलीला विगत सवा सौ वर्षों से रामलीला के जरिये भगवान श्री राम के जीवन चरित्र का जनमानस तक पहुंचाने का पुण्य कार्य कर रही है। आज के भौतिकवादी युग में भी इस परंपरागत संस्कृति को जीवित रखने के लिए गोलबाजार रामलीला कमेटी सजग और सक्रिय है। आज पृथ्वी पूजन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, भरत अग्रवाल, रवि खरे, शरद अग्रवाल, पार्षद मौसूफ़ अहमद, रामजी यादव, रणवीर कर्ण, राजेन्द्र सोंधिया, कामेंद्र सिंह, गिरधारी शर्मा, मनीष दुबे, कैलाश गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, अम्बरीष वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, आशीष कंदेले, सचिन तिवारी, शिवम शर्मा, मंटू गुप्ता, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

सचिव भरत अग्रवाल ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से 16 सितंबर से रामलीला के बेहतरीन मंचन में प्रतिदिन उपस्थित होकर भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है। कमेटी के भरत अग्रवाल ने प्रशासन से रामलीला मैदान में अवैध कब्जा अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए कहा कि शहर का यह ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन है जिसमे कतिपय विघ्नसंतोषी लोग मैदान का स्वरूप छोटा करने पर आमादा हैं लिहाजा प्रशासन को इन पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

---

*वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में मोबाइल अपडेशन का अभियान*

# वाहन रजिस्ट्रेशन के डेटाबेस में पोर्टल पर जाकर स्वयं कर सकते हैं अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

परिवहन विभाग द्वारा मोबाइल नम्बर अपडेट करने के लिये इन दिनों विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन स्वामी अथवा डीलर नेशनल इन्फार्मेशन सेंटर (एनआईसी) के वाहन सारथी पोर्टल पर जाकर स्वयं ही आसानी से मोबाइल नम्बर अपडेट कर सकते हैं।

वाहन के पंजीयन और ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करते वक्त आवेदक को अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी की जगह डीलर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करा देते हैं। वाहन स्वामी और डीलर द्वारा सही मोबाइल नम्बर दर्ज कराने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर कुछ वर्षों बाद परिवर्तित कर देने के कारण डेटाबेस में संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं रह पाता है।

वाहन सारथी पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आधार में दर्ज आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का वाहन पंजीयन और ड्रायविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम से शत-प्रतिशत मिलान होने पर डेटाबेस में मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। आधार पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस के डेटाबेस में दर्ज नाम में भिन्नता पाई जाती है, तो आवेदक को पोर्टल पर अपना कोई दूसरा परिचय पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट अपलोड करना पड़ता है। आरटीओ कार्यालय द्वारा दर्ज दस्तावेज और आधार से आवेदक और उसके अभिभावक के नाम का पंजीयन और ड्राइविंग लायसेंस में दर्ज नाम का सत्यापन किया जाता है। अप्रूवल के बाद मोबाइल नंबर डेटाबेस में अपडेट हो जाता है।

अपडेट प्रक्रिया को विस्तृत रूप से स्क्रीन शॉट के माध्यम से समझाने के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराई गई है। वर्तमान में वाहन रजिस्ट्रेशन एवं ड्राइविंग लायसेंस संबंधी समस्त सेवाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। डेटाबेस रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर आवेदक को अपना सत्यापन कराना होता है। मोबाइल नंबर डेटाबेस पर उपलब्ध न होने पर कई बार आवेदक इन सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। संबंधित वाहन के विरूद्ध अन्य प्रणालियों से चालान जारी होने पर डेटाबेस पर सही नंबर न होने के कारण कई बार वाहन स्वामियों को चालान के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। चालान का भुगतान लंबित होने पर ऐसे व्यक्तियों को परिवहन विभाग की सेवाओं से वंचित रहना पड़ सकता है।

न्यायालयीन कार्रवाई की जाने पर उन्हें कोर्ट से समन भी आ सकते हैं। इन कारणों से मोबाइल नंबर अपडेट होना आवश्यक है। मोबाइल अपडेशन की विस्तृत प्रक्रिया मप्र परिवहन पोर्टल के यूआरएल transport.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

---

**मन की बात में पीएम ने कहा स्वदेशी की बात कभी नहीं भुलानी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को जिले में बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजनता के साथ सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने मन की बात को शहर के गणेशोत्सव के प्रमुख केंद्र गणेश चौक में विशाल पंडाल में भाजपाजनों तथा श्रद्धालुओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के विचारपुर गांव का उल्लेख करते हुए स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि जर्मनी के एक फुटबॉल कोच ने शहडोल के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की इच्छा जताई है। इसके तहत जल्द ही यहां के चार खिलाड़ी जर्मनी की एक अकादमी में ट्रेनिंग के लिए भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में 'गणेश उत्सव' की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है।

---

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में राष्ट्रीय सेवा योजनाएवंरेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग, डॉ अतुल कुमारएवंडॉ सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमका शुभारंभ सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चरणों में पुष्प अर्पण करने के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त साक्षी सोनिया और कनक सोनी का माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया गया। तत्पश्चात उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



कार्यक्रम के दौरान डॉ माधुरी गर्ग ने उपस्थित छात्राओं को एनएसएस के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराते हुये इसके उद्देश्य के बारे में बताया।जबकि डॉ. रूक्मणि प्रताप सिंह ने एनएसएस के विभिन्न कैंप शिविरों सहित एबीसी प्रमाण पत्र के बारे में भी जानकारी दी। कनक सोनी ने आर डी परेड के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही राज्य स्तरीय पुरस्कार कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इस संदर्भ में अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया।

इसके अलावा साक्षी सोनिया ने एनएसएस केसाहसिक शिविर और गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों को इसके बारे में परिचित कराया। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रो. अजय कुमार कुरारिया, रुचि रजक, रेणुका सिंह राजपूत, भारती बर्मन, सुशीला, प्रतीक्षा पांडे, लक्ष्मी रैदास, रितिका रजक, शैली श्रीवास,

---

*पंजीयन कराने एवं उपज बेचने के लिए आधार का सत्यापन अनिवार्य*

# समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 15 सितंबर से होगा किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानो को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं बिचोलियों व दलालों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के इंतजाम किये जा रहे है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्यि पर धान की खरीदी के लिए 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक किसानो का पंजीयन किया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्यू पर धान की खरीदी के लिए किसानो का पंजीयन आगामी 15 सितम्बंर से प्रारंभ किया जाएगा। पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। किसान ग्राम पंचायत, जनपंद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर निःशुल्कर पंजीयन करा सकते है। किसान एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी निर्धारित शुल्क जमा कर अपना पंजीयन करा सकते है। इनमें भी प्रति पंजीयन 50 रुपये से अधिक का शुल्क नही लिया जाएगा।

सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान भी अपना पंजीयन करा सकते है। ऐसे किसानो का पंजीयन सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर ही किया जा सकेगा। ऐसे किसानो को पंजीयन के लिए आधार, आधार नम्ब्र से लिंक मोबाईल नम्बार तथा निर्धारित प्रारूप में सिकमीनामा लेकर आना होगा। सिकमीनामें की प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑपरेटर द्वारा स्कैसन कर अपलोड की जाएगी, इसके उपरांत ही पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण होगी। पंजीयन के लिए किसान को भूमि संबंधी दस्तोवेज, आधार नम्बजर, आधार नम्ब र से लिंक मोबाईल नम्बयर एवं आधार नम्बधर से लिंक बैंक खाते की आईएफएससी कोड सहित जानकारी उपलब्धर कराना होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्ते बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्यस नहीं किये जाएंगे।

किसान का पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नम्बर का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सत्यापन आधार नम्बर से लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्तय ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जाएगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जब किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्योपन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानो के रकबे, फसल की किस्म का सत्यापन राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

---

बड़वारा महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय खेल

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को मैडल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा, में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी पद्म विभूषण मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के द्वारा किया गया। उन्होंने खेल दिवस के बारे में चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह ने भी खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को खेल गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

खेल एवं युवक कल्याण विभाग कटनी, ब्लॉक समन्वक वीरेंद्र कुमार पांडे कार्यक्रम में सह आयोजक के रुप में उपस्थित रहे, उन्होंने भी खेलों से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। इसके बाद महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियो को फिट इंडिया शपथ दिलायी गई।



इसके साथ ही महाविद्यालय के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र साहिल सिंह एवं बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के छात्र शिवम महोबिया को महाविद्यालय का स्पोर्ट्स कैप्टेन नियुक्त करते हुए बैच पहनाया गया।

खेल दिवस अंतर्गत महिला और पुरुष वर्ग में क्रॉस कंट्री, शतरंज, कैरम एवं टेबल टेनिस आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई साथ ही साथ राष्ट्रीय खेल दिवस, फ़िट इंडिया मूवमेंट एवं ओलम्पिक अभियान आदि विषयों पर पोस्टर, पेंटिंग, स्कैचिंग, क्ले मॉडलिंग एवं क्विज आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. दादूराम साकेत, डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. योगिता अरजरिया, डॉ. कल्पना सतनामी, तोषी पटेल, सुशील चंद्र दुबे, रामकिशोर आर्या एवं डॉ. ब्रजेश पांडे आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही रविन्द्र महोबिया एवं संजय बर्मन ने भी सहयोग प्रदान किया।

महिला वर्ग की क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में रजनी सिंह, मुस्कान रजक एवं प्रतिज्ञा सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं पुरुषों की क्रॉसकंट्री में साहिल सिंह, भूपेंद्र सिंह एवं शिवम्‌ महोबिया ने पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में साहिल सिंह ने पहला, शिवम् महोबिया ने दूसरा एवं अभिषेक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं महिला वर्ग में रेखा रजक ने प्रथम, निर्जला ने द्वितीय एवं रजनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम में राखी केवट प्रथम, प्रिया केवट द्वितीय एवं साक्षी सेन तृतीय स्थान पर रहीं। शतरंज में अनुपमा सिंह प्रथम एवं मेघा द्वितीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में भी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें गौसिया परवीन, शताक्षी पयासी एवं रागिनी साहू ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के द्वारा ऑनलाइन क्विज कॉम्पटीशन भी आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों के साथ साथ अन्य लोगों ने भी सहभागिता की।इसका मुख्य उद्देश्य खेलों का व्यापक रुप से प्रचार प्रसार करना एवं खेलों से जुड़ी जानकारियों को लोगों तक पहुंचाना था। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही । अंत में क्रॉस कंट्री में स्थान प्राप्त खिलाडियों को मैडल पहनाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

# पटाखों की बिक्री के लिए मिलेगा अस्थायी लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी दीपावली त्यौहार पर 15 दिन की अवधि के हेतु धनतेरस से ग्यारस तक पटाखों की बिक्री हेतु अस्थायी लाइसेंस जारी करने निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार पटाखों की फुटकर बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस ऑनलाइन माध्यम से ही जारी किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक आवेदकों को 'एमपी सर्विस पोर्टल' के माध्यम से आवेदन करना होगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कहा गया है कि पटाखों की बिक्री के लिए ऐसे सुरक्षित स्थलों का चयन किया जाए, जो आबादी क्षेत्र से दूर हों। इन स्थलों का चयन संयुक्त रूप से किया जाएगा। चयनित स्थलों का सुरक्षा मानकों के आधार पर एक लेआउट (अभिविन्यास) भी तैयार किया जाय, जिसकी एक प्रति औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग को भी भेजना सुनिश्चित करें। इसके लिए आयुक्त नगर निगम सहित सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है।

पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए, सभी लाइसेंस और विस्फोटक परिसर की अनुमतियां केवल एलएसडीए मॉड्यूल के माध्यम से ही ऑनलाइन जारी की जाएंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को, जारी किए गए लाइसेंस की प्रतियां जिला कार्यालय में जमा करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि उन्हें एलएसडीएम मॉड्यूल में अपलोड किया जा सके। लाइसेंस के लिए आवेदकों को निर्धारित प्रारूप ए. ई. 5 में आवेदन करना होगा। इसके साथ 500 रुपये का बैंक चालान संलग्न करना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### एक नाबालिग बच्ची को अमानगंज पुलिस ने सूरत से किया दस्तयाब

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 15 अधरखुआं से एक नाबालिक बच्ची अचानक गायब हो गई जिसकी सूचना उसके परिजनों द्वारा अमानगंज पुलिस थाने में दर्ज कराई और पुलिस ने धारा 363 का मामला दर्ज करते हुए मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपनी खोजबीन आरंभ कर दी और पुलिस को 10 दिन बाद यह सफलता हाथ लगी बच्ची सूरत गुजरात से पुलिस ने दास्तयाव करके लाई इसके पहले तो और नाबालिक बच्चियों को अमानगंज पुलिस दस्तयाव करने में सफल रही थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री और उनकी टीम के साथ मोबाइल क्राइम ब्रांच का विशेष सहयोग देखा गया बच्ची के मिलने पर परिजनों के चेहरों पर रौनक लोटी बच्ची चौधरी परिवार से थी जिसे उसका ही कोई रिश्तेदार बेहला फुसला कर ले गया था।

### बूथ लेवल अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में प्रस्तुत करें जानकारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से बूथ लेवल अभिकर्ता की तत्काल नियुक्ति कर जानकारी से अवगत कराने का अनुरोध किया है, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधान अनुसार आगामी कार्यवाही की जा सके। विदित हो कि मतदान केन्द्रों के लिए बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर सूची प्रदान करने के संबंध में निरंतर अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी भी दल द्वारा नियुक्तियां कर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सूची प्रेषित नहीं की गई है, जिसके दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार पुनः संबंधितजनों को बीएलए 1 एवं बीएलए 2 की नियुक्ति अतिशीघ्र करने के साथ ही अन्य वांछित जानकारी व विवरण अतिशीघ्र उपलब्ध कराने के संबंध में सूचित किया गया है।

### कलेक्टर के नेतृत्व में छत्रसाल पार्क से निकाली गई साईकिल रैली

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया था। रविवार को सुबह संडे ऑन साईकिल रैली के साथ इसका समापन हुआ। इस अवसर पर नगर के छत्रसाल पार्क से कलेक्टर सुरेश कुमार के नेतृत्व में साईकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं पर्वतारोही तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्राण्ड एम्बेस्डर गौरी अरजरिया भी उपस्थित रहीं। एसडीओपी एवं जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी शिवप्रताप सिंह बघेल ने छत्रसाल पार्क से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संडे ऑन साईकिल रैली कोतवाली चौक, गांधी चौक, महेन्द्र भवन, अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बल्देव चौक से होते हुए वापस छत्रसाल पार्क में समाप्त हुई। रैली समापन के बाद 29 एवं 30 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित

**दमोह।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा डीपीसी, डीईओ, बीआरसी, एपीसी एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सेंट नॉर्बर्ट स्कूल दमोह को एक पेड़ माँ के नाम 2.0 कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने एवं दमोह जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बड़े घर बारे कोमल सिंह नहीं रहे

**हिण्डोरिया।** स्थानीय वार्ड नं. 05 निवासी चन्दन सिंह के पिता बड़े घर बारे कोमल सिंह का 71 वर्ष की आयु मे आकस्मिक निधन हो गया। उनकी शव यात्रा मे रविवार को सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतक को श्रृध्दांजलि अर्पित की।

# भजिया प्राइमरी स्कूल की हालत जर्जर, स्कूल की आधी छत गिरी

### जबेरा जनपद के अन्तर्गत सिंगपुर संकुल के भजिया स्कूल में 150 बच्चों की पढ़ाई पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर






जबेरा जनपद की सिंग्रामपुर संकुल सिंगपुर संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्रामों में प्राइमरी मिडिल स्कूल क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं। स्कूल भवन जर्जर है। बरसात में बच्चों को बैठने की व्यवस्था नहीं है। स्कूल छप्पर वाले मकान से संचालित हो रही है। अधिकतर स्कूल भवन छतिग्रस्त पड़े हुए हैं प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम हरदुआ कोंड़ा आमघाट सुन्कंड सुनवुराह आदि स्कूल भवनों की हालत खस्ताहाल बनी हुई है। ग्राम भजिया प्राइमरी स्कूल भवन की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। यहाँ कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं संचालित की जाती हैं, लेकिन पूरी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो जाने से अब मात्र दो कमरों में बच्चों की पढ़ाई हो रही है। विद्यालय में फिलहाल करीब 150 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं। स्कूल की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है और एक कमरे की छत गिर भी गई है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए शाला को पास की दूसरी बिल्डिंग से संचालित किया जा रहा है।

प्रधानाध्यापक ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को भवन की खस्ताहाल स्थिति से अवगत कराया है, लेकिन अब तक भवन मरम्मत या नए निर्माण के लिए कोई राशि स्वीकृत नहीं हुई। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सुन्कंड का है जहां बरसात के मौसम में पूरे स्कूल भवन मे पानी टपकता है। छत के ऊपर पनी बिछाई गई है छत का पानी ना टपके फिर नीचे बच्चों की पढाई करवाई अच्छे से करवाई जा सके यही हाल जबेरा जनपद के अनेक शालाओ का बना हुआ है। भजिया मे ग्रामवासियों ने बताया कि गनीमत है अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, लेकिन क्षतिग्रस्त भवन के पास बच्चे खेलते रहते हैं। यदि भवन अचानक धराशायी हो गया, तो गंभीर दुर्घटना घट सकती है।

**राशि के अभाव में कहीं पुरानी गणवेश में तो कहीं सादे कपड़ों में स्कूल पहुंच रहे बच्चे**

# विद्यार्थियों को अभी तक नहीं मिली यूनिफॉर्म की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नवीन शिक्षा सत्र आरंभ हुए तीन महीने का समय होने को आया है, लेकिन अब तक सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गणवेश की राशि नहीं मिल पाई है। विकासखंड हटा के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक लगभग 18 हजार विद्यार्थी अध्यनरत हैं। शिक्षण सत्र आरंभ होने के समय यह तय हो गया था कि इस बार सरकार गणवेश खरीदने के लिए सीधे विद्यार्थियों के खाते में ही एकमुश्त राशि जारी करेगी। इसलिए उम्मीद थी कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले विद्यार्थियों के खातों में गणवेश खरीदने के लिए राशि पहुंच जाएगी। लेकिन स्वतंत्रता दिवस बीतने के बाद भी राशि नहीं मिली है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकारी कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों को एकमुश्त राशि का भुगतान करेंगे। उल्लेखनीय है कि हटा विकासखंड में संचालित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा एक से कक्षा 8 वीं तक के 17 हजार 527 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है। ब्लॉक के इन विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के बदले राशि मिलने का इंतजार है। इसलिए अधिकांश बच्चे पुरानी यूनिफॉर्म अथवा सादे कपड़ों में ही स्कूल आ-जा रहे हैं। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भी कुछ प्रायमरी स्कूलों में बच्चें ड्रेसकोड की जगह सादे कपड़ों में ही नजर आए।

इस संबंध में बीआरसी एमएल अहिरवार ने बताया कि शासन द्वारा विद्यार्थियों के अकाउंट सहित अन्य जानकारी मांगी थी, जो भेजी गई है। शीघ्र ही यूनिफॉर्म की राशि का भुगतान जल्द होना है। जिसके बाद विद्यार्थी अपने हिसाब से ड्रेस बनवा कर पहन सकते हैं।

## अखिल भारतीय पाल महासभा की मासिक बैठक संपन्न

**पथरिया।** अखिल भारतीय पाल महासभा तहसील पथरिया की मासिक बैठक रविवार को कुंजीलाल पाली तहसील अध्यक्ष के निवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाना पर प्रमुखता से विचार विमर्थ किया गया उसके साथ-साथ अन्य विषय जैसे- नशा मुक्त समाज का होना, बच्चों को शिक्षित मृत्यु भोज में सुधार करना, महिला शक्ति को बढ़ावा देना समाज को संगठित करता आदि विंदुओं पर सर्व सम्मति से विचार कर प्रस्ताव पारित किये गये। साथ ही समाज के उत्थान हेतु तहसील/जिला स्तर पर लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की भव्य प्रतिमा का निर्माण कराना एवं समाज के समाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम को संचालितू करने एक मांग क्षेत्रीय विधायक लखन पटेल मंत्री पशुधन डेयरी विभाग मंत्री को सौपने हेतु तहसील अध्यक्ष कुंजीलाल पाली को अधिकृत किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से मोहनलाल पाल केवलारी, मुरलीधर पाल बांसाकलाँ, नन्हेभाई, दीनदयाल पाली छापर हार लखरौनी, केशवराम पाली, राम अवतार पाली, आदि सदस्यों की उपस्थिति रहीं।

## भाजपा दीनदयाल नगर मंडल के बूथ केंद्रो पर सुनी मन की बात

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रसारण कार्यक्रम ₹मन की बात₹ के 125 वें संस्करण को जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल नगर मंडल के बूथ केंद्रो पर सुना गया। पुराना बाजार 1 में मुख्य अतिथि जिला मंत्री संजय यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, पार्षद नितिन चौरसिया ने युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री अरुण सोनी, मंडल उपाध्यक्ष आशीष राय, विकास जैन, मंत्री राहुल पाठक, राहुल ताम्रकार, कार्यालय मंत्री अखिलेश चौबे, मीडिया प्रभारी अखिलेश सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरजीत सिंह धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक राय सहित मन की बात कार्यक्रम को सुना। नया बाजार नंबर 3 बूथ क्रमांक 125 में नगर महामंत्री महेन्द्र अहिरवार, मंडल सह कोषाध्यक्ष सुनील राज, बूथ अध्यक्ष करण सूर्यवंशी, वीरेंद्र, शिव शंकर, सतीश एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एवं मंडल उपाध्यक्ष देवल कटारिया ने बूथ क्रमांक 96 में मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## बनवार में शांति समिति की बैठक संपन्न



**बनवार।** नोहटा थाना क्षेत्र के बनवार पुलिस चौकी में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आने वाले गणेश विसर्जन, जैन समाज के पर्युषण पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और सामुदायिक सौहार्द पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने की, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि सभी पर्व शांति और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाए जाएंगे। बैठक में विशेष रूप से बड़े घाट सेतु पर लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई, ताकि गणेश विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। चौकी प्रभारी मनीष यादव ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दें। शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे। बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय नेता, व्यापारी और समाजसेवी भी मौजूद रहे। क्षेत्रीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे संवाद से पर्वों के दौरान आपसी एकजुटता और भाईचारा और मजबूत होता है।

## मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मधुकर जनजाति छात्रावास में चल रहे गणेश उत्सव पर मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया, जिसमें विद्या भारती द्वारा संचालित दमोह नगर के विद्यालयों के भैया -बहनों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता के प्रारंभ में गणेश पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया तत्पश्चात आयोजन के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक नगर के जाने-माने संगीत आचार्य साहित्यकार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री श्याम सुंदर शुक्ला ने बच्चों को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि वर्तमान में हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का क्षय हो रहा है ऐसे में आवश्यक है कि शिक्षा संस्थानों द्वारा बच्चों को रामायण गीता जैसे धार्मिक ग्रंथो के प्रति रुचि बड़े इस हेतु प्रयास किया जाने चाहिए। विद्या भारती इस दिशा में कार्य कर रही है श्री मधुकर जनजाति छात्रावास दमोह द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता वर्तमान समय में अनूठा प्रयोग है आज यहां जितने बच्चे इस आयोजन में भाग ले रहे हैं निश्चित ही उनका भविष्य उज्जवल है। विद्या भारती इस दिशा में कार्य कर रही है आज यहां जितने बच्चे इस आयोजन में भाग ले रहे हैं निश्चित ही उनका भविष्य उज्जवल है। इस आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर मुख्य विद्यालय दमोह सरस्वती शिशु मंदिर कनेक्टर विद्यालय दमोह एवं मधुकर जनजाति छात्रावास के भैया-बहनों ने भागीदारी की कार्यक्रम में श्री रवि बर्मन, श्री सुधीर रैकवार, वीरेंद्र ठाकुर की विशेष

## पेंशनर्स समाज तहसील द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

पेंशनर्स समाज तहसील पथरिया द्वारा एक मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार पथरिया को सैकड़ों पेंशनरों की उपस्थिति में सौंपा गया। उक्त ज्ञापन प्रान्तीय पेंशनर्स ईकाई के आह्वान पर सौंपा गया उक्त ज्ञापन में प्रमुख मांग में पेंशनरों के प्रति शासन द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने समय पर मंहगाई भत्ता न देना तथा एरियर्स भी न देना, धारा 49 (6) तत्काल प्रभाव से समाप्त कर केन्द्र के समान महगाई भत्ता दिया जाए, 80 वर्ष के प्रथम माह से 20% पेंशन राशि मूल पेंशन में जोड़कर दी जाए, 30 जून एवं 31 दिसम्बर माह को सेवा निवृत हुए पेंशनरों को शासन के सपष्ट निर्देश होने के बाद भी उनके प्रकरण रोके रखना। जिनके पी.पी.ओ. जारी हो गये है उनके स्वत्वों की राशि खातो में समय पर जमा ना होना। सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तीन माह पहले पेंशन कार्यलय में जमा ना होना, जिला स्तर पर पेंशन कार्यलय बंद न किये जाये। जिन मुद्दो पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में निर्णय हो चुके है उनका सभी को लाभ दिया जाए। वरिष्ठ नागरिको को रेल किराये में 50% महिला 40% पुरुष को छूट कोरोना काल से बंद की गई तत्काल बहाल की जाये,जिला स्तर पर पेंशन संघों की बैठक बुलाई जाती है। उक्त ज्ञापन में कपूरे लाल अहिरवार,जीपी जैन,कुंजीलाल पाली, कड़ोरी लाल अहिरवार,सगीर खांन,जगदीश पटेल, नरेश गर्ग, आर.एस.रैकवार, ओंकार विश्वकर्मा आदि।

## संसार में सत्य की विजय होती है, असत्य की नहीं- बाल ब्रम्ह.बसंत जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर में पर्यूषण पर्व के अवसर पर भगवान पाशर्वनाथ जिनालय, शांतिनाथ जिनालय एवं चेत्यालय जी में पर्यूषण पर प्रवचनो के अलावा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित हो रहे है। दशलक्षण पर्व पर पाशर्वनाथ जिनालय के समोशरण हाल में सुवह साढे 6 बजे से मुनिश्री प्रयोग सागर जी के सानिध्य में भगवान श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा पूजन हो रहा है। 8 बजे से मुनिश्री के प्रवचन हो रहे है। जिसमें उत्तम शौच धर्म दिवस पर प्रवचन हुए। इसके बाद सामूहिक संगीतमय पूजन, दोपहर ढाई बजे से तत्वार्थ सूत्र जी वाचन एवं अर्घ शाम 6 बजे से आचार्य भक्ति एवं ज्ञान पाठशाला साढे 8 बजे से मंगल आरती एवं प्रश्नमंच माला की प्रतियोगिता हुई। तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में भक्तिभाव और आनंद से भाव पूजा, मन्दिर विधि का क्रम चल रहा है। इस अवसर पर नगर में वर्षावास हेतु विराजमान पूज्य बाल ब्रम्ह बसंत जी महाराज ने तारण भवन में सकल समाज धर्मप्रेमियों को धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि- सत्य के समान संसार मे दूसरा तप नहीं है। सत्य मार्ग पर चलने वाला जीव परमात्मा की प्राप्ति कर सकता है। सत्यनिष्ठ व्यक्ति ही आत्मा को पहिचान सकता है। भारत की पवित्र भूमि धर्मात्माओं से खाली नहीं है, जो भव्य जीव अपने जीवन मे सत्य को स्वीकार करता है, वही सत्य धर्म को यथार्थता को समझ सकता है। जिस प्रकार मनुष्य का आभूषण गुण है, शरीर का आभूषण गहने है, उसी प्रकार वाणी का आभूषण सत्य है, सत्य में ही परमात्मा का निवास है। अतः सदैव सत्य बोलना चाहिए। सत्य के अनेक रुप है-सर्व प्रथम सत्य धर्म मनुष्य के जीवन मे सत्य वचन के रूप में प्रकट होता हैं। झूठ बोलना पाप है। एक झूठ को छिपाने के लिये मनुष्य अनेक झूठ बोलता है और सदा सत्य बोलना तपस्या करना है और झूठ बोलना पाप है, जिसका हृदय निर्मल है, भावों में शुचिता है, सत्य के मार्ग पर चल सकता है। असत्य के ऊपर उठकर सत्य की पहचान करना और सत्यमय जीवन जीना यही जीवन का सार है। सत्य ही जीवन में परम आश्रय है। सत्य शब्द जिव्हा पर आते महापुरुष राजा हरिश्चंद्र का स्मरण आ जाता है, जिन्होंने सत्य की रक्षा के लिये सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। जो सत्य धर्म का पालन करेगा, धर्म उसकी रक्षा करेगा। इस अवसर पर बहिन मुस्कान जैन ने जानकारी दी कि-पूर्व रात्रि बेला में पंचदीप्ति बालिका मण्डल द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे महिला, पुरुष, युवा और बहिनें सभी ने अलग-अलग समूह में सहभागिता की और धार्मिक गीत-भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमे निर्णायक की भूमिका में संगीतकार रूपेश जैन भोपाल रहे। प्रतिदिन महाराज श्री के प्रवचनों के माध्यम से दिव्य देशना का लाभ सकल समाज को मिल रहा है, संध्या में भक्ति भजन से वातावरण हर्षमय हो रहा है।

## सभी बूथों पर सुना गई पीएम के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें संस्करण को जिलेभर के सभी बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सुना और प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात किया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बताया कि जिले के प्रत्येक बूथ पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यक्रम देश के विकास, जनजागरण और सकारात्मक सोच का आधार बन चुका है। श्याम शिवहरे ने कहा 125वें अंक का सामूहिक श्रवण यह प्रमाणित करता है कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय और सशक्त है। दमोह जिले के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के विज़न को जन-जन तक पहुँचाने के लिए समर्पित हैं। मध्य प्रदेश शासन के डेयरी एवं पशुपालन मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने पथरिया विधानसभा के ग्राम जोरतला बूथ क्र. 259 पर मन की बात के 125वें संस्करण को पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्तियों के साथ श्रवण किया। जिला भाजपा कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र परिहार कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय आईटी जिला संयोजन रिंकू गोस्वामी दीपक मिश्रा युवा मोर्चा मंडल राजुल चौरहा सहित भाजपा ने जिला के सभी मंडल के 1184 बूथ पर बूथ पदाधिकारी एवं आमजन ने मन की बात कार्यक्रम को सुना कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ली और संकल्प लिया कि वे विकास और राष्ट्र निर्माण के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे।

## भगवान पुष्पदंत का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया



**दमोह।** दिगंबर जैन समाज के द्वारा दस दिवसीय पर्व राज पर्यूषण भक्ति भाव के साथ व्रत उपवास करके मनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर दमोह नगर में स्थित 20 से अधिक जिनालय में प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक विभिन्न धार्मिक आयोजन में मंदिर जी के आसामियों के साथ श्रावक जनों के द्वारा सहभागिता दर्ज करके धर्मानजन किया जा रहा है। पर्यूषण पर्व के चौथे दिन रविवार को नगर के सबसे बड़े जिनालय श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में नित्य पूजन अभिषेक के साथ नवमें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत सुमति नाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव निर्वाण लाडू समर्पित करके मनाया गया। प्रातः बेला में ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में श्रीजी के अभिषेक उपरांत शांति धारा संपन्न हुई। इस अवसर पर भगवान पुष्प दंत के साथ श्री जी की 9 जिन बिंबो का अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य सभी श्रावक जनों को प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्र बनकर प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य लगातार चौथे दिन राजेंद्र अटल परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा राजकुमार रानू जैन, अभिषेक चंद्र कुमार खजरी, राजेंद्र लाट साब, अभिषेक आराधी मोबाइल, मुकेश जैन, सौरभ जैन, शैलेंद्र बजाज, अमरदीप लालू, संजय सराफ, सुनील बड़े राय, आनंद लैब सहित अन्य परिवारों को अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तत्पश्चात नव देवता पूजन उपरांत भगवान पुष्पदंत का पूजन करके निर्माण लाडू समर्पित किया गया। सोलह कारण पूजन, पंच मेरु पूजन, दस लक्षण पूजन, आचार्य श्री पूजन पश्चात तत्वार्थ सूत्र की क्लास संपन्न हुई। दोपहर में प्रतिदिन शांतिनाथ महामंडल विधान, शाम को संध्या आरती तथा भैया जी के प्रवचन सहित विभिन्न आयोजन प्रतिदिन नन्हे मंदिर में चल रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने सकल जैन समाज से सभी आयोजनों में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## अजगरा धाम में जल वृष्टि की कामना को लेकर हो रहा संकीर्तन



**तेजगढ़।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र का प्राचीन ऐतिहासिक स्थान श्री सिद्ध बाबा महाराज जी का तेजगढ़ से लगभग 6 किलोमीटर और ग्राम परासई से 2 किलो मीटर दूर पश्चिम की तरफ नदी गोरिया के तट पर सुंदर और अच्छा अजगरा धाम क्षेत्र का प्रासिद्ध स्थान है। जब किसानों को फसलों में पानी की जरूरत पढ़ती और फसल सूखने लगती है व पानी नहीं बरसता। इस संकट की घड़ी में बड़ी संख्या में पतलोनी पडरिया करोदी पटेरिया तेजगढ़ परासई अन्य जगह के पुरुष महिलाऐं बच्चे भंडारा लेकर अजगरा धाम श्री सिद्ध बाबा महाराज की शरण में जाकर भंडारा कर पान प्रसाद चढाकर पानी बरसने की गुहार लगाते है। श्री सिद्ध बाबा महाराज जी किसानों की अर्जी सुन लेते और झमाझम पानी बरसता है। ऐसा चमत्कार होता है। अनेको वर्ष ऐसा हुआ कि भंडारा कर्ता श्रद्धालु घर नहीं पहुंच पाये और पानी बरसने लगता है। इसी स्थान पर श्री जय जय सरकार के मार्गदर्शन और ग्राम वासियों के सहयोग से 23 अगस्त से 21 सितंबर 2025 तक हरे राम महामंत्र संकीर्तन का आयोजन चल रहा है जिसमें इलाके के श्रद्धालु बड़ी संख्या में जाकर धर्म का लाभ उठा रहे। श्रद्धालु ऐसे महत्वपूर्ण कार्य को सभी आमजन पहुंचकर सफल बनाएं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मॉडल कॉलेज बरबटी दमोह में संचालित एमपीपीएससी की निशुल्क कोचिंग के विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर श्री कोचर ने छात्रों से संवाद कर उन्हें अध्ययन के सही तरीकों, समय प्रबंधन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास पर बल देते हुए सफलता के लिए प्रेरित किया।

### तत्काल नस्तियां प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह से कहा है नगर पालिका परिषद दमोह में विशेष सम्मिलन आहूत किये जाने से संबंधित मूल नस्ती एवं जिला शहरी विकास अभिकरण में प्रचलित धारा 323 के अंतर्गत की गई कार्यवाही की मूल नस्ती विशेष वाहक के हस्ते उप सचिव म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था परंतु अभी तक नस्तियां प्रेषित नही की गई है। उन्होंने निर्देशित किया है तत्काल उक्त नस्तियां उप सचिव म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल को विशेष वाहक के द्वारा प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाये।

### आंजनी टपरिया गांव में हृदय विदारक घटनाक्रम

# पति ने पत्नी की हत्या कर खुद लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



देर रात सोने के पहले पति-पत्नी के बीच हुए बाद में पति ने गला दबाकर पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद फांसी लगाकर अपनी भी जीवन लीला समाप्त कर ली। बटियागढ़ थाना अंतर्गत अंजनी टपरिया गांव निवासी एक दंपत्ति की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने दोनों के शवो का पोस्टमार्टम कराया है वही अब मौत के कारणों का पता लगाने पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। दो लोगों की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आंजनी की टपरिया में विजय अपनी पत्नी चंदाबाई के साथ रहता था। दोनों की कोई संतान नहीं थी, दोनों की शादी 2019-20 में हुई थी। मृतक विजय सींग के पिता ने देवीसिंह ने बताया कि शनिवार रविवार की रात लगभग 3 बजे चंदा बाई की चीखने की आवाज उसकी सास को सुनाई दी तो उसने अपने पति और चंदाबाई के ससुर देवी सींग को उठाया और बोला की देखो बहु की चीखने की आवाज आ रही है। देवीसींग ने खिड़की से देखा तो विजय अपनी पत्नी चंदा बाई का गला दबा रहा था। मैंने उसे रोका की बेटा ऐसा मत करो। लेकिन उसने मेरी बातें अनसुनी कर दी। और चंदाबाई की हत्या कर दी। उसके बाद खुद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना रविवार को सुबह पूरे गांव में फैली, तो गांव में सनसनी का माहौल हो गया। सूचना के बाद पहुंची ने छानबीन करके विजय सींग पिता देवीसिंह उम्र 30 साल को फांसी के फंदे से उतारा है। वहीं चंदाबाई पति विजय उम्र 25 के शव को कमरे से बाहर निकाला। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सुधीर बैगी ने बताया कि कारण अभी अज्ञात है। पुलिस जांच कर रही है। फिंगर प्रिंट टीम और डाग स्क्वायड टीम भी घटना स्थल पर पहुंच रही है, हर पहलू की जांच की जा रही है। उसके बाद जो जांच में आयेगा कार्यवाही की जायेगी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

**दो अलग अलग सड़क हादसों में दो क मावत**

# अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार आरक्षक की दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



हटा दमोह मार्ग पर रविवार की दोपहर लुहारी बनगांव के बीच बाईक से आ रहे युवा आरक्षक को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसका सर फट जाने से लहूलुहान हो गया। वही अज्ञात ट्रक मौके से फरार हो गया। हटा पुलिस को जानकारी लगते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष ने पुलिस स्टाफ क साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही कर शव को दमोह जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि आरक्षक प्रदीप रैकवार रनेह थाना में पदस्थ थे जो दमोह से प्रशिक्षण लेकर वापस रनेह थाने लौट रहे थे कि रास्ते में है सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुंच गए जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। आरक्षक प्रदीप रैकवार मूल रूप से रहली निवासी थे कुछ साल पहले ही उनकी शादी हुई थी जिनका 2 साल का एक मासूम बेटा भी है। बताया गया है कि पन्ना से स्थानांतरित होकर आरक्षक प्रदीप दमोह के रनेह थाना आए थे। पोस्टमार्टम उपरांत पूरे पुलिस सम्मान के साथ उनको पुलिस लाइन से विदाई दी गई। घटनास्थल को देखकर कहा जा सकता है कि यदि बाइक सवार आरक्षक हेलमेट पहने होते तो शायद उनकी जान बच जाती। हटा थाना पुलिस मामला दर्ज करके घटना की जांच में जुटी हुई है।

### बस की टक्कर से जीआरपी एएसआई की मौत



**दमोह।** किल्लाई नाके के पास बस की टक्कर लगने से गिरे जीआरपी मैं पदस्थ एक एएसआई गिरने के बाद जहां दोबारा नहीं उठ सके, मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीआरपी चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक महेश कोरी रविवार सुबह अपनी पल्सर बाइक से की जा रहे थे। तभी किल्लाई नाके के आगे विद्युत मंडल कार्यालय के सामने तेज रफ्तार सिद्धिविनायक कंपनी की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मारते हुए चपेट में ले लिया। जबलपुर से सागर चलने वाली बस क्रमांक एमपी 15 पीए 5877 की टक्कर से महेश कोरी का एक पैर पूरी तरह से चपेट में आ गया। बाद में उनको जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। स्वर्गीय महेश कोरी जनसंपर्क विभाग में पदस्थ रहे शारदा कोरी के छोटे भाई थे। जीआरपी थाना प्रभारी एच एल चौधरी ने बताया कि महेश कोरी स्थाई वारंट तामील हेतु निकले थे तभी वह हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

इधर दोपहर में पोस्टमार्टम उपरांत पुलिस सम्मान के साथ सहायक उप निरीक्षक महेश कोरी को अंतिम विदाई दी गई। बाद में सुरेखा कॉलोनी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों ने शामिल होकर अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हॉकी प्रदर्शन मैच का हुआ आयोजन



**दमोह।** ओलंपिक संघ एवम हॉकी दमोह ने मनाया खेल दिवस। दमोह हॉकी टरफ मैदान पर हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद जी का जन्म दिवस खेल दिवस के रूप मे मनाया गया जिसमे दमोह के वरिष्ठ खिलाडी गणो का सम्मान किया। हॉकी प्रदर्शन मैच का आयोजन हुआ। पहले मैच मे हॉकी दमोह ने ताज क्लब को पेनाल्टी शूट आउट मे पराजित किया। बालिकाओ के मैच मे सौरभ की टीम ने एम आई सी एस को एक शून्य से पराजित किया। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक अजय टडन, साहित्यकार नरेंद्र दुबे अनवर भाई, आर आर खुशाल, संजय चौरसिया रहे। प्रथम चरण मे अतिथियो ने वरिष्ठ खिलाडी भगवती दादा, जगन्नाथ पटेल, गुल मुहम्मद, जे पी अठया, धर्मेंद्र पहलवान, राजेश सालोमन, भगवान सिंह, कफील खान, किशन सिंह, विजय ठाकुर, असार संतोष सेन, राजकुमार, राजेन्द्र, तन्मय, तरूण नामदेव, इमरान, अतुल, मुकेश रियाज ने ध्यानचंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की अतिथियो का स्वागत किया गया। हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि 29 अगस्त को अजय टडन एवम नरेंद्र दुबे ने ध्यानचंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाडियो को स्मृति चिन्ह भेट किये। मिष्ठान का वितरण किया। आभार ललित नायक ने माना। संचालन शेख असार ने किया।

# दूसरे दिन भी नहीं पकड़ा गया मगरमच्छ, रेस्क्यू जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



सिंग्रामपुर क्षेत्र के ककहरा कॉलोनी में रहवासी इलाके के बीच बने तालाब में पिछले कई महीनों से डेरा जमाए पांच फीट लंबे मगरमच्छ ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। मगरमच्छ अब तक गाय के बछड़े और एक बकरी को शिकार बना चुका है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है दूसरे दिन भी वन विभाग का रेस्क्यू जारी लेकिन मगरमच्छ के पिंजरे बाहर सिंग्रामपुर कलोनी मे दहशत का माहौल एक दिन पहले मगरमच्छ ने गंगाराम रजक कि पांच बकरियों में से एक बकरी पानी पीने गई थी। तभी मगरमच्छ ने हमला कर उसे पानी में खींच लिया। उन्होंने बताया कि यह तालाब कॉलोनी से महज 50 मीटर की दूरी पर है। जहां बच्चे रोज खेलते हैं और लोग निस्तार के लिए पानी का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ की मौजूदगी की जानकारी महीनों पहले वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। हमले के बाद ही वन विभाग ने पिंजरे लगाए हैं, जिससे विभाग की लापरवाही उजागर हो गई है।

जानकारों का कहना है कि सिंगौरगढ़ जलाशय से छोड़े गए मगरमच्छ नदी-नालों के जरिए रहवासी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग अब बच्चों को बाहर खेलने तक नहीं भेज रहे हैं। बीट प्रभारी विकास जाट ने बताया वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर दो दिन से मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरा रखा गया है लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है मगरमच्छ पानी की गहराई में चला जाता है जाल भी डाल रहे हैं तब भी सफलता नहीं मिल पा रही है वन सिपाहियों की देखरेख के लिए 8 घंटे की ड्यूटी लगाई जा रही है वन रक्षक सुखलाल श्रीराम वन सिपाही तलैया के पास मौजूद है तलैया के आसपास किसी को नहीं जाने दिया जा रहा है।

## रात के सन्नाटे में मगरमच्छ की सैर, बनवार में दहशत का माहौल

**बनवार ।** नोहटा थाना क्षेत्र के ग्राम बनवार में मगरमच्छ की लगातार सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। रविवार तड़के लगभग 4 बजे बनवार-घटेरा मार्ग स्थित चक्रवर्ती फार्म हाउस के गेट के सामने एक लगभग 5 फीट लंबा मगरमच्छ घूमता हुआ नजर आया। यह पिछले एक महीने में तीसरी बार है जब मगरमच्छ ने इंसानी आबादी के करीब दस्तक दी है।

गवाह बने फार्म हाउस के कर्मचारी जब कुत्तों के तेज भौंकने की आवाज पर बाहर निकले, तो मगरमच्छ को सड़क पर आराम से टहलते देख दंग रह गए। ग्रामीणों ने



इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किया, जो कुछ ही समय में वायरल हो गया। फार्म हाउस के मालिक संदीप चक्रवर्ती ने

### तीसरी बार आबादी के पास दिखा खौफनाक 'मेहमान', ग्रामीणों ने वन विभाग से की सुरक्षा की मांग

बताया कि मगरमच्छ पास की तलैया (मोटे हार की तलैया) से निकलकर उनके गेट तक पहुंच गया था। "किसानों ने हिम्मत दिखाकर इसका वीडियो बनाया, लेकिन अब पूरे गांव में डर का माहौल बन गया है, उन्होंने कहा। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग को पहले ही मगरमच्छ की मौजूदगी की सूचना दी गई थी। विभाग द्वारा दो दिन पूर्व तलैया के पास एक पिंजरा भी लगाया गया, लेकिन अब तक मगरमच्छ को पकड़ा नहीं जा सका है। इससे उसकी सक्रियता और अधिक खतरनाक होती जा रही है।

### ग्रामीणों ने की अपील

गांव के निवासियों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से अपील की है कि मगरमच्छ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि कोई अनहोनी न हो। बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

## निर्धारित समयावधि में परिषद एवं पीआईसी की बैठक आहूत करना सुनिश्चित किया जाये-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमोह को निर्देशित किया है कि नगर पालिका परिषद दमोह की पीआईसी की बैठक आहूत किये जाने पर किसी भी प्रकार की कोई भी रोक नही लगाई गई है। परंतु नगर पालिका द्वारा लंबे समय से पीआईसी की बैठक भी आहूत नही की गई है। जिस कारण शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यो की प्रगति प्रभावित हो रही है। उन्होंने निर्देशित किया है नियमानुसार निर्धारित समयावधि में परिषद एवं पीआईसी की बैठक आहूत करना सुनिश्चित किया जाये।

### चौधरी परिवार कुम्हारी में शोक

**दमोह।** कुम्हारी के प्रतिष्ठित जैन चौधरी परिवार के चौधरी हरिश्चंद्र जैन बालक सेठ का 31 अगस्त



25 दोपहर 1 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह चौधरी कस्तूरचंद जैन,चौधरी निर्मल जैन के भाई थे। उनके बड़े बेटे सत्येंद्र जैन {पिंटू भैया हरिभूमि प्रतिनिधि}, दिनेश जैन पूर्व विधायक प्रतिनिधि व उनके परिवार को इस असहनीय दुख सहन करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें।

# सम्पूर्ण अनर्थों की मूल जड़ लोभ, लोभ के वश होकर मानव दानवतापूर्ण कार्य करता है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दिगम्बर जैन श्रमण-संस्कृति के उन्नायक पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने श्रावक संस्कार साधना शिविर विरागोदय तीर्थ स्थल में सम्बोधन करते हुए कहा कि उत्थान का विचार, मुक्ति की चाह, शान्ति का उपाय, शुचिता का भाव, पवित्र परिणाम, निर्मल-परिणति, संतोषी स्वभाव ही शौच धर्म है। लोभ का अभाव ही 'शौच-धर्म है। पानी से तन पवित्र होता है, परन्तु चित्त की शुद्धि, आत्मा की शुद्धि शौच धर्म निर्लोभता से होती है। सम्पूर्ण अनर्थों की मूल जड़ लोभ है। लोभ के वश होकर मानव दानवता पूर्ण कार्य करता है। लोभ के कारण ही व्यक्ति अनर्थ पर- अनर्थ कार्य करता है। लोभी कभी दान के परिणाम भी नहीं करता। लोभी सोचता है कि प्राण चले जायें, पर दाम न जाए। व्यक्ति धन के जोड़ने-जोडने में बहुमूल्य को हिताहित का भी बोध एल्य जिंदगी को भी न्योछावर कर देता है। लोभी भी बोध नहीं होता है। लोभी अपनी गृद्धता के कारण अपयश प्राप्त करता है और लोभ की पुष्टि के लिए वह अपने सगों का भी शत्रु बन जाता है। लोभी से सभी सम्बंध तोड़ लेते हैं, वह अन्त में परिग्रह के भार से करण कर दुर्गति में जाकर भटकता हुआ भयंकर दुःखों को सहन करता हुआ कष्ट को प्राप्त करता है। जिसे पवित्रता का बोध होगा, वही सुचिता प्राप्त कर पायेगा। पर के दोष देखोगे तो नीच गोत्र का बंध होगा और निज का दोष देखोगे तो आत्म-कल्याण होगा। एक-एक दोष छोड़ते जाओ, तो तुम गुणवान बन जाओगे। शुचिता प्राप्त करना है, तो गुणग्राही दृष्टि बनाओ। विकास के लिए विचारों का एकरूपता, नम्रता, सरलता और सामन्जस्य आवश्यक है। भावों की पवित्रता के अभाव में शाश्वत सुख संभव नहीं हैं, प्रकृति की जो मुद्रा है, वह 'दिगम्बर मुद्रा ' है। पवित्रता,शुचिता की श्रेष्ठ कोई मुद्रा है तो वह 'दिगम्बर' मुद्रा है। जब से अम्बर है, तब से दिगम्बर धर्म है। निग्रन्थ वीतराग धर्म ही पवित्र धर्म है। पवित्र परिणाम करो। आत्म शुद्धि प्राप्त करो। आत्मशोध के लिए, आत्मबोध चाहिए। उत्तम शौच धर्म से ही आत्म शुचिता सम्भव है। संतोषी बनो, तभी साधु बन पाओगे।

### विधायक शैलेंद्र जैन पहुंचें गुरु चरण शरण -

मीडिया प्रभारी सजल जैन ने बताया सागर विधायक शैलेंद्र जी जैन गुरु चरणों में पहुंचें,पूज्य गुरुदेव के पाद प्रक्षालन कर पूज्य गुरुदेव मंगल शुभाशीष ग्रहण किया पूज्य गुरुदेव के प्रवचनों का भी लाभ लिया..! लगभग 1008 शिवरार्थी कर रहें पूज्य गुरुदेव की चरण सन्निधि में दसलक्षण पर्व के अवसर पर धर्माराधना। देश भर से हजारों श्रावक दस लक्षण पर्व के अवसर पर पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में योग,अध्यात्म,जैनी नीति,जिन भक्ति,पूजन ,जिज्ञासा का समाधान पूज्य गुरुदेव की चरण सानिध्य में कर रहें है...जिनको पूज्य गुरुदेव सहित सभी मुनिराजों का सानिध्य प्राप्त हो रहा है..!

## माध्यमिक शाला केवलारी उपाध्याय में हुआ शैक्षिक संवाद



**तेजगढ़।** तेंदूखेड़ा विकासखंड के जन शिक्षा केंद्र पुरा बैरागढ़ के अंतर्गत कक्षा तीन से पांच और कक्षा 6 से 8 पढाने वाले शिक्षकों का शासकीय माध्यमिक शाला केवलारी में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन हुआ। संवाद का उद्देश्य शिक्षकों की नवीन शिक्षण पद्धति एवं कक्षा प्रबंधन तकनीक से अवगत कराना था जिसमें बच्चों को किस प्रकार नवीन तकनीक के माध्यम से एवं कक्षा प्रबंधन प्रणाली किस प्रकार तय की जाए, ताकि बच्चों की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके। संवादकर्ता प्रशिक्षक जनशिक्षक प्रहलाद सिंह, मुकेश झरिया और ट्रेनी सहजकर्ता श्यामसुंदर शर्मा, कमलेश सिंह ने उपस्थित सभी शिक्षकों को शैक्षिक संवाद की गतिविधियों से अवगत कराया। कक्षा प्रबंधन में 30:70 का अनुपात, शिक्षक संदर्शिका का उपयोग, नवाचार की भूमिका, शिक्षक , बच्चों की नियमितता, कोल्ड कालिंग आदि विंदुओं को सांझा कर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था प्रभारी बृजमोहन राजपूत, मनोहर सिंह ठाकुर ,बैजनाथ अहिरवार, मनोज राजपूत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

## स्टेट हाईवे तेज रफ्तार से मवेशियों सड़क दुर्घटनाओं से हो रही मौतें

**गौ सेवक की टीम घटनास्थल पहुंचकर घायल मवेशी कर रही उपचार**



**सिंग्रामपुर।** तेज रफ्तार का कहर दमोह जबलपुर स्टेट हाइवे पर बैठे मवेशियों का आए दिन एक्सीडेंट से घायल हो रहे या मौत हो रही हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है। सिंग्रामपुर गुबरा मे मवेशियों का हादसे का डर बना रहता वही आए दिन सड़क हादसों मवेशियों की मौत हो रही हैं। आवारा मवेशियों का जमघट दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है लोगों के द्वारा कई वार शिकायत करने के बाद भी स्थानीय प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। अचानक वाहनों के सामने मवेसी आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही वाहनो की चपेट में आने से मूक मवेशियों को आये दिन दर्दनाक मौते भी हो रही है वहीं दूसरी ओर कई वार हादसे तक हो जाते है। आवारा पशुओं को सड़क पर छोड़कर पशु मालिक चले जाते हैं उसके बाद उसे और ध्यान नहीं दिया जाता है जिससे आए दिन एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है जिससे आए दिन एक्सीडेंट से मवेशियों की मौत हो रही है।